- अक्टूबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य, पांच पैकेजों में निर्माण,
- शहर के भीतर घटेगा भारी वाहनों का दबाव
- 14 बड़े पुल, 3 फ्लाईओवर और 332 कल्वर्ट बनेंगे, उत्तर प्रदेश-छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र की कनेक्टिविटी होगी मजबूत

3,540 करोड़ से बदलेगी जबलपुर की तस्वीर, आकार ले रही 114 किमी लंबी आउटर रिंग रोड

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर की यातायात व्यवस्था को नई दिशा देने और महाकौशल के विकास को गति देने वाली आउटर रिंग रोड परियोजना आकार ले रही है। करीब 3,540 करोड़ रुपए की लागत से 114 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को अक्टूबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। रिंग रोड तैयार होने के बाद लंबी दूरी के भारी वाहनों को शहर के भीतर प्रवेश किए बिना गुजरने का वैकल्पिक मार्ग मिलेगा। इससे शहर की सड़कों पर यातायात का दबाव कम होने के साथ परिवहन, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है।

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू पीयूष रंजन यदुवंशी के अनुसार, अगस्त 2025 से जुलाई 2026 के बीच परियोजना पर 756.84 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। पांच पैकेजों में बन रही यह सड़क जबलपुर को प्रमुख राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों से जोड़ेगी। परियोजना पूरी होने पर शहर के बाहरी हिस्सों से गुजरने वाले वाहनों को सुगम आवागमन का विकल्प मिलेगा और लंबी दूरी के सफर में लगने वाला समय भी कम हो सकेगा।



चार प्रमुख मार्गों को जोड़ेगा कॉरिडोर

आउटर रिंग रोड के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग-45, एनएच-34, एनएच-30 और राज्य राजमार्ग-37ए को जोड़ने की योजना है। इससे उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की ओर जाने वाले यातायात को बेहतर सड़क संपर्क मिलेगा। जबलपुर के आसपास के क्षेत्रों के बीच आवागमन भी आसान होगा। इसका लाभ केवल शहर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि महाकौशल के विभिन्न जिलों के परिवहन नेटवर्क को भी मजबूती मिलने की संभावना है।

पुल, फ्लाईओवर और अंडरपास से आसान होगा सफर

परियोजना में सड़क के साथ बड़े पैमाने पर पुल और अन्य यातायात संरचनाएं बनाई जा रही हैं। इसमें 14 प्रमुख पुल, 37 छोटे पुल, तीन फ्लाईओवर, तीन रेलवे ओवरब्रिज, 12 व्हीकुलर अंडरपास, 23 लाइट व्हीकुलर अंडरपास, दो एलिवेटेड संरचनाएं, तीन ओवरपास और करीब 332 कल्वर्ट शामिल हैं। नर्मदा नदी पर बनने वाला आधुनिक पुल भी इस परियोजना का अहम हिस्सा है। इन संरचनाओं से अलग-अलग मार्गों पर यातायात का सुचारु संचालन करने और जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

किसानों से लेकर कारोबारियों तक को मिलेगा लाभ

रिंग रोड का फायदा बरेला, मानेगांव, कुशनेर, अमझर, पाटन, सिहोरा, शाहपुरा और आसपास के क्षेत्रों को मिलने की उम्मीद है। किसानों को अपनी उपज मंडियों और अन्य बाजारों तक पहुंचाने में सुविधा मिल सकती है। वहीं, माल परिवहन में समय और लागत घटने से व्यापारियों, परिवहन कारोबारियों तथा लघु उद्योगों को लाभ होने की संभावना है। मंडला, डिंडोरी, नरसिंहपुर और कटनी जैसे जिलों के लिए बेहतर सड़क संपर्क क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दे सकता है।

पर्यटन और रोजगार के खुलेंगे नए अवसर

बेहतर सड़क संपर्क से भेड़ाघाट, धुआंधार जलप्रपात और नर्मदा तट जैसे पर्यटन स्थलों तक पहुंच आसान होने की संभावना है। परिवहन और लॉजिस्टिक्स के साथ होटल, रेस्तरां तथा अन्य सेवा क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं। रिंग रोड के आसपास औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों के विस्तार की संभावनाएं भी मजबूत होंगी।

40 लाख मीट्रिक टन फ्लाई ऐश का होगा उपयोग

परियोजना में करीब 40 लाख मीट्रिक टन फ्लाई ऐश के उपयोग की जानकारी दी गई है। इसके अलावा वृक्षारोपण, हरित पट्टी विकसित करने और जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया जा रहा है। अब परियोजना के सामने निर्धारित समय-सीमा में निर्माण पूरा करने की चुनौती है। यदि आउटर रिंग रोड तय लक्ष्य के अनुसार तैयार होती है, तो यह जबलपुर की यातायात व्यवस्था को राहत देने के साथ महाकौशल में व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण आधार बन सकती है।



लाडली लक्ष्मी पथ पर रहवासी क्षेत्र से शराब दुकान हटाने की मांग, कांग्रेस नेता समर्थ अवस्थी ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

नवरात्रि से पहले शराब दुकान-अहाते पर कार्रवाई की मांग, कांग्रेस का धरना

हरिभूमि, जबलपुर।

मदन महल क्षेत्र के लाडली लक्ष्मी पथ लिंक रोड पर रहवासी क्षेत्र से लगी शराब दुकान और उसके आसपास संचालित कथित अवैध अहाते के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के कस्तूरबा गांधी ब्लॉक अध्यक्ष समर्थ अवस्थी के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना दिया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय नागरिकों ने अहाते की जांच कर उसे बंद कराने तथा शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग उठाई। चेतावनी दी गई कि नवरात्रि शुरू होने से पहले समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। धरने में वक्ताओं ने कहा कि रहवासी क्षेत्र में शराब दुकान और अहाते के संचालन से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और विद्यार्थियों को परेशानी होने की आशंका रहती है। शराब पीने वालों की आवाजाही और सार्वजनिक स्थानों पर अव्यवस्था की आशंका से क्षेत्रवासियों की चिंता बढ़ रही है। उन्होंने प्रशासन से नागरिकों की सुरक्षा और शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने की मांग की।

एसडीएम और थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने अनुविभागीय अधिकारी और मदन महल थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें कथित अवैध अहाते की वैधानिकता की जांच कर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई करने तथा शराब दुकान को आवासीय क्षेत्र से हटाकर अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की गई।

नवरात्रि से पहले समाधान की मांग

समर्थ अवस्थी ने कहा कि क्षेत्रवासियों की सुरक्षा, सम्मान और शांति से समझौता नहीं किया जा सकता। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं, महिलाओं और बच्चों की आवाजाही बढ़ने के मद्देनजर प्रशासन को समय रहते उचित कदम उठाने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस क्षेत्रवासियों के साथ व्यापक आंदोलन करेगी।

यह रहे उपस्थित

धरने में शिशिर नन्होरिया, अमित मिश्रा, राहुल यादव, यश गुप्ता, शिवम गुप्ता, अनुज यादव, मो. अली, कौशल यादव, संकेत श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, प्रतीक शुक्ला, पवन चौकसे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भारतीय महिला हॉकी टीम की सहायक कोच रैना यादव का नागरिक अभिनंदन

जबलपुर। भारतीय महिला हॉकी टीम द्वारा एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने पर टीम की सहायक कोच एवं मैनेजर रहीं रेलवे की राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रैना यादव का ग्वारीघाट स्थित महर्षि बामरा स्कूल में नागरिक अभिनंदन किया गया। रेलवे के राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं कोच हसन अली ने बताया कि रैना यादव के मार्गदर्शन में भारतीय महिला हॉकी टीम ने यह उपलब्धि हासिल की, जो संस्कारधानी के लिए गौरव का विषय है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परम पूज्य मैत्री दीदी की उपस्थिति में रैना यादव को पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। मैत्री दीदी ने उन्हें भविष्य में भी सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, छात्रा सुरभि, नमोह, हॉकी खिलाड़ी गजेंद्र सिंह, गणेश श्रीवास्तव एवं हसन अली सहित अन्य उपस्थित रहे।

जबलपुर में तीन राजस्व अधिकारियों की नवीन पदस्थापना

जबलपुर। जिले में प्रशासनिक कसावट लाने और राजस्व कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने तीन राजस्व अधिकारियों की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार तहसीलदार रविंद्र पटेल को कुण्डम से कार्यपालिक मजिस्ट्रेट मझौली पदस्थ किया गया है। वहीं तहसीलदार सुमित गुप्ता को सिहोरा से स्थानांतरित कर तहसीलदार कुण्डम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार नायब तहसीलदार रिपुदमन सिंह को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट मझौली से स्थानांतरित कर नायब तहसीलदार, भू-संसाधन प्रबंधन, कलेक्ट्रेट जबलपुर पदस्थ किया गया है। प्रशासन को उम्मीद है कि इन बदलावों से राजस्व कार्यों के निष्पादन में गति आएगी।

मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य बने सार्थक सेठी

जबलपुर। जबलपुर के आदर्श नगर निवासी सार्थक सेठी को पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल की मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। समिति का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। इसका उद्देश्य रेल प्रशासन और यात्रियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। सार्थक सेठी ने कहा कि वे समिति के माध्यम से रेल यात्रियों की समस्याओं, स्वच्छता, सुरक्षा, ट्रेनों की समयबद्धता, स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को रेल प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और रेल सेवाओं को अधिक उपयोगी एवं सुविधाजनक बनाने के लिए वे अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।



अमावस्या पर हुई माता महाकाली की महा आरती

जबलपुर। चेरीताल स्थित प्राचीन खेरमाई मंदिर में अमावस्या के पावन अवसर पर महाआरती का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। इस अवसर पर मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित हुए और पूरे उत्साह के साथ महाआरती में हिस्सा लिया। आरती के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने माता खेरमाई, और माता महाकाली की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। महा आरती के संबंध में मंदिर के रामस्वरूप रजक ने बतलाया कि महाआरती में शामिल भक्तों ने सामूहिक रूप से माता की आराधना की। प्राचीन मंदिर में धार्मिक आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। अमावस्या के अवसर पर आयोजित इस महाआरती में स्थानीय भक्तों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की और धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। महाआरती में रामस्वरूप रजक, रमेश रजक, दिनेश पटेल, लालू नामदेव, आनंद पटैल, प्रिंस ठाकुर, अजय रजक, प्रदीप रजक, राज मिस्त्री, भरत रजक, विवेक रजक, पवन रजक, सचिन पटेल और अरुणेश अग्रवाल सहित अन्य भक्तजन उपस्थित रहे।



शालेय राज्य स्तरीय स्पर्धा जूड़ो में जबलपुर बना उप विजेता

जबलपुर। 70वीं राज्य शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित जूडो प्रतियोगिता का शानदार समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आए 9 संभागों के खिलाड़ियों ने अपना स्थान बनाने के लिए कड़ी टक्कर दी। प्रतियोगिता के दौरान जबलपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जबलपुर को उप-विजेता बनाया। सभी मेडल विजेता खिलाड़ी वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय शालेय जूडो प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। विजेता सभी खिलाड़ियों की उपलब्धि पर कृष्ण मालपाणी, अर्पिता मालपाणी, श्रद्धा मालपाणी, रवि गुप्ता, राजकुमार मिश्रा, शायदा अली, सत्येन्द्र गुरु, रत्नेश सोनकर, गौरी शंकर सार, विवेक व्यास ने शुभकामनाएँ दी है।

दशहरा जुलूस मार्गों का निगमायुक्त ने किया निरीक्षण, सुरक्षा और सफाई के निर्देश

जबलपुर। विजयादशमी पर्व की तैयारियों को लेकर नगर निगम सक्रिय हो गया है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों के साथ शहर के प्रमुख दशहरा जुलूस मार्गों और पंडालों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तीन पत्ती, मालवीय चौक, सुपर मार्केट, लार्डगंज, फुहारा, सुनरहाई, हनुमानताल, घमापुर, शीतला माई और कांचघर मार्ग का जायजा लिया गया। निगमायुक्त ने सड़कों के गड्ढों की मरम्मत, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, विशेष साफ-सफाई और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पंडाल संचालकों से अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता और विद्युत सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों को पर्व के दौरान मुस्तैदी से कार्य करने और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, सौरभ मिश्रा, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



बीसा में सम्मानित हुए जेएनकेविवि के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय सिंह

जबलपुर। बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया (बीसा) का 15 वां स्थापना दिवस जबलपुर स्थित मानेगांव मे मनाया गया। डॉ रोहित नामदेव स्टेशन मैनेजर बीसा के 15 वर्ष की उपलब्धियों कार्यों पर प्रकाश डाला। इस उपलक्ष्य में कृषि में अग्रणी किसान अलग-अलग क्षेत्र में अपनी पारंगता रखने वाले वैज्ञानिक गण एवं कृषि में निवेश करने वाले पब्लिक एवं प्राइवेट सेक्टर के अनेक लोग सम्मिलित हुए। इस समारोह में देश के जाने-माने संस्थान केंद्र के निदेशक डॉ जे एस मिश्रा डायरेक्टर, खरपतवार अनुसंधान संस्थान, जबलपुर, एवं डॉ नवीन शर्मा ब्रांड एंबेसडर ऑफ वीसा जबलपुर डॉ संजय कुमार सिंह कृषि वरिष्ठ वैज्ञानिक जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर ,डॉ के एस नेताम संयुक्त संचालक कृषि जबलपुर सम्मिलित हुए। डॉ संजय सिंह ने कृषि में आने आने वाले समय में हो रहे परिवर्तनों को किस प्रकार के वैज्ञानिक तरीके से समाधान किया जा सके पर बल देते हुए कहा कि कृषि अनुसंधान के बिना किसान का हित संभव नहीं हो सकता तथा युवाओं को कृषि को व्यवसाय के रूप में ग्रहण करने के बारे में जोर दिया और इस विषय को युवाओं के बीच में प्रमुखता से रखते हुए उन्होंने कहा कि जब तक कृषि को व्यवसाय के रूप में नहीं देखा जाएगा तब तक एग्रीकल्चरल सेक्टर कभी भी लाभगत उन्नत कृषि व्यवसाय नहीं हो सकती। कृषि का आधुनिक तंत्र किसी भी देश की आधारशिला है जिस देश का कृषि आधारित तंत्र मजबूत है वह देश भी मजबूत होगा।

गुरुद्वारा बंगला साहिब में पुलिस के प्रवेश पर कांग्रेस नेता नरिंदर सिंह ने जताया विरोध

जबलपुर। दिल्ली स्थित पवित्र गुरुद्वारा बंगला साहिब में पुलिसकर्मियों के कथित तौर पर नंगे सिर और हाथों में डंडे लेकर प्रवेश करने की घटना पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद नरिंदर सिंह पांधे ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस घटना के लिए सिख संगत से माफी मांगी जाए और मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। पांधे ने कहा कि धार्मिक स्थलों की मर्यादा और सिख संगत की भावनाओं का सम्मान सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

गुरुद्वारा प्रेमनगर में चतुर्थ वार्षिक कीर्तन दरबार आज

गुरुद्वारा प्रेमनगर, मदनमहल में रविवार को शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक चतुर्थ वार्षिक कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा। सिमरन सेवक जत्था के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में चंडीगढ़, पंजाब के सुविख्यात रागी जत्था भाई कुलविंदर सिंह खरड़ सहित विभिन्न जत्थे गुरुवाणी शबद कीर्तन एवं कथा प्रवाह प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात गुरु का लंगर वितरित किया जाएगा। आयोजकों ने साध संगत से शामिल होने की अपील की है। इसके अलावा 12 अक्टूबर को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक दूसरे कीर्तन दरबार का आयोजन होगा। इसमें भी भाई कुलविंदर सिंह खरड़ सहित अन्य रागी जत्थे शिरकत करेंगे। इसके बाद गुरु का लंगर वितरित किया जाएगा।

स्व-सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनीं कुंडम की दीपिका गोटिया, पशु आहार दुकान से भी कमा रहीं आय

डेढ़ लाख के ऋण से खड़ा किया पोल्ट्री व्यवसाय, अब 500 चूजों का फार्म

जबलपुर। आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह से जुड़कर ग्राम पड़रिया, विकासखंड कुंडम की दीपिका गोटिया आत्मनिर्भर बनी हैं। समूह से डेढ़ लाख रुपये का ऋण लेकर उन्होंने मुर्गी पालन शुरू किया। 100 चूजों से शुरू हुआ उनका व्यवसाय अब 500 मुर्गियों और चूजों तक पहुंच गया है। दीपिका वर्ष 2019 में सत्यसाईं स्व-सहायता समूह से जुड़ी थीं। वर्ष 2024 में उन्होंने मुर्गी पालन शुरू करने के लिए करीब ढाई लाख रुपये की लागत से पोल्ट्री शेड तैयार किया। उनके फार्म में देशी, हाइब्रिड और सोनाली नस्ल के मुर्गे-मुर्गियां व चूजे उपलब्ध हैं। सीजन में अंडों की आपूर्ति जबलपुर में भी की जाती है। व्यवसाय का विस्तार करते हुए दीपिका ने वर्ष 2025 में पशु आहार की दुकान शुरू की। यहां मुर्गी पालकों को दाना, फीड और जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराने के साथ पालन-पोषण संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जाता है। वर्तमान में वे आसपास के करीब 40 ग्राहकों को सामग्री उपलब्ध करा रही हैं। दीपिका को इस व्यवसाय से हर महीने लगभग 10 से 12 हजार रुपये की आय हो रही है। स्व-सहायता समूह से मिले सहयोग और अपनी मेहनत से उन्होंने स्वरोजगार स्थापित किया है। उनकी सफलता ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तीकरण की प्रेरक मिसाल है।

रानीताल में महापौर कप राष्ट्रीय फ्लाइंग किक प्रतियोगिता का शुभारंभ

जबलपुर। रानीताल खेल परिसर स्थित बैडमिंटन इंडोर हॉल में शनिवार को महापौर कप 10वीं राष्ट्रीय फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ हुआ। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' मुख्य अतिथि तथा नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज अध्यक्ष के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स एसोसिएशन इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव मास्टर नीरज कुमार, प्रतियोगिता समन्वयक रश्मि चौधरी, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष एडवोकेट सत्येंद्र ज्योतिषी, सचिव एडवोकेट असीम त्रिवेदी, उपाध्यक्ष एडवोकेट अनुराधा चौबे तथा क्रीड़ा भारती के भीष्म सिंह राजपूत एवं अनंत डीके उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत महासचिव राजकुमार यादव ने किया।

आठ राज्यों के 250 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा



महापौर ने कहा कि खेल युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पुडुचेरी और तेलंगाना के लगभग 250 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश द्वारा नगर निगम के सहयोग एवं क्रीड़ा भारती के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। मुकाबले 10 एवं 11 अक्टूबर को आयोजित होंगे। पुरस्कार वितरण समारोह 11 अक्टूबर को शाम 4 बजे होगा, जिसमें विजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति में अध्यक्ष एडवोकेट सत्येंद्र ज्योतिषी, उपाध्यक्ष विवेक रंजन शुक्ला, महासचिव राजकुमार यादव और आयोजक सचिव एडवोकेट जयराज चौधरी सहित अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



शिव धनुष टूटते ही गूंजा 'जय श्रीराम' सीता स्वयंवर में राममय हुआ गढ़ा

लक्ष्मण–परशुराम के तीखे संवाद ने बांधा समां, राम-सीता के मिलन पर झूम उठे श्रद्धालु

जबलपुर।

श्री रामलीला समिति गढ़ा, जबालीपुरम् के सिद्ध मंच पर आयोजित रामलीला में सीता स्वयंवर, शिव धनुष भंग, राम-सीता विवाह प्रसंग की भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ लक्ष्मण–परशुराम संवाद ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग करते ही संपूर्ण रामलीला मैदान 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति और उल्लास में झूम उठे तथा पूरा वातावरण राममय हो गया।

राजा जनक के दरबार में आयोजित माता सीता के स्वयंवर में रावण, बाणासुर, मगध नरेश, वैशाली नरेश सहित हजारों राजा उपस्थित हुए। सभी वीर और पराक्रमी राजा भगवान शिव के विशाल धनुष को उठाने और उसकी प्रत्यंचा चढ़ाने में असफल रहे। स्वयंवर में उपस्थित राजाओं की विफलता से राजा जनक चिंतित हो उठे। इसी बीच गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम सहज भाव से आगे बढ़े और शिव धनुष को भंग कर दिया।

धनुष भंग होते ही गूंजा जयघोष, माता सीता ने पहनाई वरमाला

भगवान श्रीराम के हाथों शिव धनुष टूटते ही आकाश मंडल में जोरदार गर्जना हुई। धनुष भंग होने की गूंज से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। माता सीता ने प्रभु श्रीराम के गले में वरमाला पहनाई तो श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारों के साथ प्रसन्नता व्यक्त की। इस दिव्य प्रसंग ने दर्शकों को त्रेतायुग की पावन स्मृतियों से जोड़ दिया।

लक्ष्मण–परशुराम संवाद ने जगाया वीर रस

शिव धनुष भंग की गर्जना सुनकर भगवान परशुराम क्रोधित होकर जनक दरबार पहुंचे। इसके बाद लक्ष्मण और परशुराम के बीच तीखे वाक-युद्ध की प्रभावशाली प्रस्तुति हुई। लक्ष्मण के ओजस्वी प्रत्युत्तर और परशुराम के क्रोधपूर्ण संवादों ने मंच पर वीर रस का अद्भुत संचार किया। कलाकारों के सशक्त अभिनय, संवाद अदायगी और भाव-भंगिमाओं ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके पश्चात रावण–बाणासुर संवाद की लीला का भी मंचन किया गया।

लक्ष्मण की भूमिका में नमन त्रिपाठी, परशुराम की भूमिका में प्रतीक मनोध्याय, रावण के रूप में मुकेश मिश्रा तथा बाणासुर की भूमिका में निक्की पटेल के अभिनय की दर्शकों ने मुक्तकंठ से सराहना की। रामलीला के विभिन्न प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को धर्म, मर्यादा, शौर्य और भक्ति का संदेश दिया।

11 अक्टूबर को निकलेगी भव्य श्रीराम बारात

श्री रामलीला समिति के अनुसार, रविवार, 11 अक्टूबर 2026 को शाम 6 बजे रामलीला मैदान से भव्य श्रीराम बारात निकाली जाएगी। बारात गढ़ा बाजार, आनंद कुंज, बीटी तिराहा, गुलौआ चौक, गौतम मढ़िया, संजीवनी नगर, शाही नाका और पंडा की मढ़िया होते हुए पुनः गढ़ा बाजार से रामलीला मैदान पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा।

समिति के संचालक अशोक मनोध्याय एवं रौनक मनोध्याय, अध्यक्ष एवं निर्देशक राजेश मिश्रा, महामंत्री एडवोकेट अरुण दीक्षित सहित समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समस्त रामभक्तों से श्रीराम बारात का भव्य स्वागत करने की अपील की है। समिति ने श्रद्धालुओं से अपने घरों के सामने स्वागत-वंदन द्वार सजाने, भगवान श्रीराम की आरती उतारने तथा बारात के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

इस अवसर पर लोकराम कोरी, रमाशंकर कटारे, राजेंद्र प्यासी, हरीश मनोध्याय, राजेश परोहा, गनपत कोष्टा, विनायक तिवारी, हनुमंत सिंह, कैलाश नेमा, संजय तिवारी (चेरीताल), देवेंद्र मनोध्याय, नीरज दुबे, राजेश नेमा, अशोक बघेल, दीपक कोष्टा, विद्या केवट, सम्राट पांडे, इंदुलता प्यासी, डॉ. नीना उपाध्याय, भोलाराम खत्री, प्रहलाद बिलथरे, विजय नेमा, मदन गोपाल पटेल, पंकज अवस्थी, पंचम सोनी, व्यास माधव दुबे, राकेश मिश्रा एवं नरेश मिश्रा सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बैठकी पर आज सिहोरा-खितौला में स्थापित होंगी दुर्गा प्रतिमाएं



सिहोरा। शारदीय नवरात्र की शुरुआत के साथ आज बैठकी पर सिहोरा और खितौला में जगह-जगह मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। देवी मंदिरों में भी नौ दिनों तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। इसके लिए कंकाली मंदिर, दुर्गा मंदिर, बूढ़ी माई, मां ज्वाला देवी और पर्वतवासिनी खेरमाई सहित अन्य मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई है।
श्रद्धालु ढोल-बैंड और बाजे के साथ माता की प्रतिमाएं पंडालों तक लेकर पहुंचेंगे। इस वर्ष भी आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर मां महाकाली की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं, वहीं समितियों द्वारा पंडालों को सजाया जा रहा है। नवरात्र के नौ दिनों तक श्रद्धालु घरों में उपवास रखकर मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना और उपासना करेंगे। सिहोरा-खितौला क्षेत्र में एक सैकड़ा से अधिक दुर्गा प्रतिमाएं आकर्षक झांकियों के साथ स्थापित की जाएंगी। नवरात्र को लेकर क्षेत्र में उत्साह और भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

बहोरा बाग में आज सजेगी शायरी की महफिल

जबलपुर। बहोरा बाग विकास समिति के तत्वावधान में आज रविवार को बहोरा बाग में अखिल भारतीय मुशायरे का आयोजन किया जाएगा। इसमें देशभर के मशहूर शायरों के साथ स्थानीय शायर भी अपना कलाम पेश करेंगे। समिति अध्यक्ष मुस्तफा अंसारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू करेंगे। विधायक लखन घनघोरिया प्रमुख वक्ता, कदीर सोनी अध्यक्षता करेंगे तथा पूर्व विधायक विनय सक्सेना मुख्य अतिथि होंगे। मुशायरे में नईम अख्तर खादमी, डॉ. सबा बलरामपुरी, तरन्नुम नाज़ फतेहपुरी, डॉ. मेहताब आलम, डॉ. जलीलुर्रहमान बुरहानपुर, पैकर पानीपत, शाद बिलासपुर और सरवर कमाल झांसी सहित अनेक शायर शिरकत करेंगे। वहीं स्थानीय शायर उस्ताद बाबू अनवर निजामी, दानिश जैगमी, हाजी शेख निजामी, मुख्तार नादिर और अनीस जबलपुरी भी अपनी शायरी प्रस्तुत करेंगे। आयोजन की तैयारियों में शेख निजामी, मुख्तार नादिर, सगीर बमबया, सगीर अंसारी, वकील मंसूरी और लाला मिस्त्री सहित समिति के सदस्य जुटे हैं। समिति ने शहरवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर शायरों की हौसला अफजाई करने की अपील की है।

सपने में आईं मां शारदा, पीएफ के 70 हजार रुपये से बनवाया मंदिर

बरेला में 15 जून 1975 को हुआ था मंदिर निर्माण

बरेला।

बरेला की सुरम्य पहाड़ी पर स्थित प्राचीन मां शारदा देवी मंदिर आस्था और भक्ति का अनूठा केंद्र है। मंदिर के व्यवस्थापक पंडित आशीष शुक्ला के अनुसार, उनके पिता स्वर्गीय बाबा श्रावण कुमार शुक्ला राज्य परिवहन में बस चालक थे। मां शारदा के स्वप्न में दर्शन देने के बाद उन्होंने नौकरी छोड़कर अपने पीएफ के 70 हजार रुपये से मंदिर का निर्माण कराया। मंदिर का निर्माण 15 जून 1975 को हुआ था। बताया जाता है कि पहले पहाड़ी पर एक छोटी मढ़िया में मां की प्रतिमा स्थापित थी। श्रावण कुमार शुक्ला जबलपुर-मंडला मार्ग पर बस चलाते समय यहां



रुककर माता को प्रणाम करते थे। बाद में उन्होंने मंदिर निर्माण का संकल्प लिया। वर्ष 1994 में उनके निधन के बाद पत्नी अंजली देवी शुक्ला ने मंदिर की व्यवस्था संभाली। वर्तमान में उनके पुत्र पंडित आशीष शुक्ला और पंडित अभय शुक्ला व्यवस्था देख रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पहाड़ी घाटी से गुजरने वाले वाहन चालक मंगलमय यात्रा की कामना से मंदिर में रुककर माता का आशीर्वाद लेते हैं। शारदीय नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, बिजली, सफाई, बैठने और छाया की व्यवस्था की गई है। मंदिर के पट सुबह 5 बजे से रात 12 बजे तक खुले रहेंगे। भीड़ को देखते हुए पहाड़ी पर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। श्रद्धालुओं के लिए नीचे पार्किंग की व्यवस्था की गई है और मंदिर तक पैदल जाना होगा।

सेवा संकल्प कार्यक्रम में स्काउट्स-गाइड्स ने बनाई श्रृंखला रंगोली

जबलपुर।



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ जबलपुर द्वारा सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत स्काउट्स एवं गाइड्स ने श्रृंखला रंगोली बनाकर सेवा, सहयोग और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह और सांसद आशीष दुबे सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मार्गदर्शन नगर निगम अध्यक्ष एवं जिला संघ अध्यक्ष रिंकुंज विज, जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे, संरक्षक अजय तिवारी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी तथा जिला सचिव व्ही.के. झारिया ने किया। जिले के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 180 स्काउट्स, गाइड्स एवं यूनिट लीडर्स ने भाग लिया। इनमें पीएम श्री शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेरीताल, यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल, सेंट नॉरबर्ट हायर सेकेंडरी स्कूल और ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल के प्रतिभागी शामिल रहे। आयोजन में राहुल राजपूत, सीमा सिंह राजपूत, सारिका अग्रवाल, किरण येवले, रशिका द्विवेदी एवं मंजू राय का विशेष सहयोग रहा।

मूल्यांकन शिविर में 87 बच्चे सहायक उपकरणों के लिए चिह्नित

सिहोरा।

जनपद शिक्षा केंद्र सिहोरा में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए मूल्यांकन शिविर आयोजित किया गया। इसमें मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों के स्वास्थ्य एवं दिव्यांगता संबंधी स्थिति का मूल्यांकन किया। शिविर में विकासखंड के बच्चों ने सहभागिता की। मूल्यांकन के बाद 87 बच्चों को एलिम्को जबलपुर द्वारा सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए चिह्नित किया गया। अब बच्चों की आवश्यकता के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराने की आगामी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। शिविर के सफल आयोजन में जनपद शिक्षा केंद्र के अधिकारियों, बीएसी, एमआरसी एवं जनशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय, बीआरसी ब्रजेश श्रीवास्तव, बीएसी अश्विनी उपाध्याय, राकेश मिश्रा, रामशरण बागरी, विपिन कुररिया, संजय सिंह, विष्णु कुमार पटेल, विनोद पाटिल, लक्ष्मी तिवारी, रवि ठाकुर और रामगोपाल मिश्रा सहित समस्त जनशिक्षक, अतिथि एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

बहुजन नायक कांशीराम जी की 20वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

जबलपुर।

अहिरवार समाज महापरिषद एवं अहिरवार विकास संस्था द्वारा आर.डी. चौधरी के निवास पर बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम जी की 20वीं पुण्यतिथि मनाई गई।



इस अवसर पर उनके तेलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में पूर्व आईएएस के.पी. राही ने कांशीराम जी के संघर्ष और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष संजय अहिरवार ने किया। इस अवसर पर के.पी. राही, कैलाश नाथ अहिरवार, दास प्रसाद अहिरवार, आर.डी. चौधरी, मूलचंद मोरे, रोशन लाल चौधरी, एडवोकेट पवन रोहित, मुन्नीलाल अहिरवार, प्रकाश अहिरवार, संजय अहिरवार, सुशील अहिरवार, बी.एल. सुनरया, संदीप सूर्यवंशी, एडवोकेट प्रदीप अहिरवार, विनोद लड़िया, महेश अहिरवार, मुरली चौधरी, सूरज अहिरवार, रतन अहिरवार, दिनेश साकेत, चंदन अहिरवार एवं सूर्यभान अहिरवार सहित अनेक सामाजिकजन उपस्थित रहे।

गरीब नवाज कमेटी ने संतोष अहिरवार का कराया अंतिम संस्कार



जबलपुर। विक्टोरिया अस्पताल में उपचार के दौरान संतोष अहिरवार (65) का निधन हो गया। वे दामोदर अहिरवार के पुत्र थे और मस्जिद के पास, थाना हनुमानताल क्षेत्र के निवासी थे। संतोष अहिरवार को 24 सितंबर 2026 को विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके निधन की सूचना थाना हनुमानताल द्वारा गरीब नवाज कमेटी को दी गई। सूचना मिलने पर कमेटी के सदस्यों ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद तिलवारा मुक्तिधाम में सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया। इस सेवा कार्य में गरीब नवाज कमेटी के रियाज अली, बाबू खान, बच्चू नानकानी, दीपक निगम, हाजी करीम एवं बबलू चौरसिया का सहयोग रहा। कमेटी के सदस्यों ने जरूरतमंदों की सहायता के लिए अपनी सामाजिक सेवा की प्रतिबद्धता निभाई।

वनमाली सप्रे स्मृति महोत्सव में पखावज और सितार की मधुर प्रस्तुतियों ने मोहा मन



जबलपुर। शनिवार, 10 अक्टूबर को शहीद स्मारक सभागृह में आयोजित वनमाली सप्रे स्मृति महोत्सव में पखावज और सितार वादन की शानदार प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ संगीत प्रेमी सुरेश तोफखानेवाले, असीम चौधरी और कृष्णा सालुंके ने दीप प्रज्वलित कर किया।

पहले चरण में पुणे से आए कृष्णा सालुंके ने चौताल, मत्त ताल और तीनताल में एकल पखावज वादन प्रस्तुत किया। हारमोनियम पर यशवंत थिटे ने संगत की। इसके बाद कोलकाता के सितार वादक असीम चौधरी ने राग बागेश्री, राग नंद और भैरवी में पारंपरिक ठुमरी प्रस्तुत कर श्रोताओं की सराहना प्राप्त की। तबले पर मुंबई के यशवंत वैष्णव ने प्रभावी संगत की। कार्यक्रम का संचालन विवेक करमहे ने किया। अंत में संयोजक प्रोफेसर अखिलेश सप्रे ने आभार व्यक्त किया। समारोह में प्रोफेसर सदानंद सप्रे, पद्मजा सप्रे, आदित्य सप्रे, माधवी गोरे, प्रज्ञा शिदोरे, माधुरी कानिटकर और संजय सोनी सहित अनेक संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

जिला बेंच प्रेस प्रतियोगिता में पूजा कुमारी बनीं बेस्ट लिफ्टर



जबलपुर। जबलपुर के खमरिया में 3 एवं 4 अक्टूबर को आयोजित जिला बेंच प्रेस प्रतियोगिता में लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि प्रतियोगिता में मिशन हेल्थ क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में पूजा कुमारी ने मास्टर-1 वर्ग की 69 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतकर बेस्ट लिफ्टर का खिताब हासिल किया। धनुश्री ने सब-जूनियर वर्ग की 47 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण पदक व चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती। कांतिका सुनमोर्या ने जूनियर वर्ग में स्वर्ण तथा राखी करोसिया ने सीनियर वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में विक्रम विक्टर ने मास्टर वर्ग में रजत और सिवेन शर्मा ने जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सभी खिलाड़ी कोच लॉरेंस मार्टिन के मार्गदर्शन में अभ्यासरत हैं। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर रॉबर्ट मार्टिन, लॉरेंस मार्टिन, महिधर पांडे, सुरेंद्र चौधरी, दीनू स्वामी, राजेश सहारिया, कुलदीप सिंह एवं तेज भान सिंह ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ब्राह्मण समाज सिहोरा के अध्यक्ष का चुनाव आज

सिहोरा। ब्राह्मण समाज सिहोरा के अध्यक्ष पद का निर्वाचन आज रविवार को आयोजित किया जाएगा। समाज के महामंत्री प्रवीण कुररिया ने बताया कि शुक्ल जी की बखरी के पास स्थित पंडित विशुद्धानंद पांडे ब्राह्मण समाज भवन में दोपहर 12 बजे से निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होगी। निर्वाचन के दौरान मतदाता सूची का प्रकाशन, अध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन, नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद आवश्यकता पड़ने पर मतदान कराया जाएगा। चुनाव संपन्न कराने के लिए अधिवक्ता राज किशोर तिवारी को निर्वाचन अधिकारी तथा अनिरुद्ध त्रिवेदी को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन में समाज के आजीवन एवं साधारण सदस्य ही भाग ले सकेंगे। समाज की ओर से सभी पात्र सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील की गई है।

निधन

श्री कन्हैया लाल भिरानी- गुलमोहर रेसीडेंसी नागरथ चौक निवासी श्री कन्हैया लाल भिरानी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री गोपाल सिंह राजपूत- पांडे व्यास चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री गोपाल सिंह राजपूत (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री कुंवर लाल सोनी- पचमठा गढ़ा निवासी एडवोकेट कुंवर लाल सोनी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्री अशोक यादव- महावीर कॉलोनी हाथीताल गोरखपुर रोड निवासी श्री अशोक यादव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री रवींद्र नाथ ठाकुर- रावण पार्क रांझी निवासी श्री रवींद्र नाथ ठाकुर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती जानकी देवी अगीचा- नारायण चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री पोहूराम अगीचा की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी देवी अगीचा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती ममता शर्मा- खुरखुर बावली बड़ी खेरमाई निवासी श्री शिव मूरत शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती ममता शर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री कृपा शंकर सेन- लाल कुआं पुरानी पीपी कॉलोनी पोलीपाथर निवासी श्री कृपा शंकर सेन (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री शिव प्रसाद चौधरी- रद्दी चौकी अधारताल निवासी श्री शिव प्रसाद चौधरी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती ज्योति मिश्रा- समदडिया काम्पलेक्स दूसरे पुल के पास निवासी श्री अनिल कुमार मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति मिश्रा (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री किशोरी लाल अहिरवार- सिद्धनगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री किशोरी लाल अहिरवार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री शिवचंद्र प्रसाद शाह- स्टार सिटी फेस 3 करमेता निवासी श्री शिवचंद्र प्रसाद शाह (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती मालती रजक- सिंगल क्वार्टर्स लालमाटी निवासी श्री राजकुमार रजक की धर्मपत्नी श्रीमती मालती रजक (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राजेंद्र कुशवाहा- चेरीताल कांजी हाउस के पास निवासी श्री राजू कुशवाहा के पुत्र श्री राजेंद्र कुशवाहा (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती कृष्णा बाई सोनकर- खेरमाई वार्ड अखाड़ा के पास निवासी श्री नरबद प्रसाद सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा बाई सोनकर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री सुधीर कुमार तिवारी- कृष्णा कॉलोनी शीतलामाई वार्ड निवासी श्री सुधीर कुमार तिवारी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री निशांत डेहरिया- लार्डगंज पुलिस क्वार्टर्स निवासी श्री खेमकरण डेहरिया के पुत्र श्री निशांत डेहरिया (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती शकुंतला बाई- गोपाल होटल सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री शारदा प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला बाई (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती शांति देवी शर्मा- सुभाष नगर गोहलपुर निवासी श्री अशोक शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शांति देवी शर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सचिन गुप्ता- शाहीनाका गढ़ा निवासी एडवोकेट सचिन गुप्ता का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती सुनयना शर्मा- शिवनगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री धन्जी शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सुनयना शर्मा (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

नाम परिवर्तन सूचना

I, UTTAM KUMAR YADAV is legally Father of ARMY NO-15733670A, Rank HAV Name-DHARMPAL KUMAR presently residing at Vill- BIRAMPUR, POST- BIRAMPUR, Teh-KOILWAR, Distt - BHOJPUR, State- BIHAR, PIN- 802314 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम UTTAM KUMAR दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम UTTAM KUMAR YADAV दर्ज है। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र नं. 38AA850459 दिनांक 10-10-26 नोटरी जबलपुर म. प्र.।

गलत नाम
UTTAM KUMAR
सही नाम
UTTAM KUMAR YADAV

खबर संक्षेप

रियासी में 4 संदिग्ध दिखे, तलाश जारी

रियासी। रियासी जिले के रड्डु पुल क्षेत्र में तीन से चार संदिग्धों को देखे जाने की सूचना के बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। शुक्रवार रात शुरू हुआ अभियान शनिवार को भी जारी रहा। इस दौरान रड्डु पुल के साथ लगते धरान और ठाकरा कोट क्षेत्र के जंगलों को भी खंगाला गया, लेकिन कोई संदिग्ध हाथ नहीं लगा।



मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, 9 की मौत

इंफाल। मणिपुर के नागा-बहुल कामजोंग जिले के कुकी-बहुल चसाड गांव में एक महिला को शुक्रवार रात गर्दन के पास गोली मार कर हत्या कर दी। इसके बाद कुकी और नागा हथियारबंद गुटों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई। इस दौरान 10 घरों में आग भी लगा दी गई।



भारतीय मूल के युवक को 20 साल की जेल

पेरिस। फ्रांस की राजधानी पेरिस की एक अदालत ने शुक्रवार को 29 वर्षीय भारतीय रोहन राणे को 20 साल की जेल की सजा सुनाई है। उस पर कम उम्र की लड़कियों को यौन गतिविधियों के लिए मजबूर करने वाले पुरुष समर्थक समूह का नेतृत्व करने का आरोप था। आरोपी का मुकदमा सोमवार को अदालत में शुरू हुआ था।



सुपरमार्केट में छत गिरने से 38 लोग घायल

दाएगू। दक्षिण कोरिया के दाएगू शहर के एक सुपरमार्केट की प्लास्टर वाली छत का कुछ हिस्सा गिर गया। हादसे में कम से कम 38 लोगों को मामूली चोटें आईं। छत गिरने की घटना सुबह 10:16 बजे हुई। इसके बाद 66 अन्य लोगों को इमारत से बाहर निकाला गया। हादसे के बाद नौ लोगों का अस्पतालों में इलाज किया गया।



मिड-डे मील में मिली छिपकली, 15 बच्चे बीमार

भागलपुर। बिहार के भागलपुर जिले के सुल्तानगंज में एक सरकारी स्कूल में मिड-डे मील के खाने में छिपकली मिलने का मामला सामने आया है। घटना कटहरा पंचायत के प्राथमिक विद्यालय आजाद नगर पनसल्ला की है। खाना खाने के बाद करीब 15 बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। सभी बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया है।



मन्नार की खाड़ी में बना डिप्रेशन, 21 राज्यों में अलर्ट

नई दिल्ली। मानसून की विदाई के बाद भी देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बिगड़ सकता है। रविवार को दिल्ली से लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश तक बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक कई राज्यों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। विभाग ने कुछ इलाकों में आंधी का भी अनुमान जताया है।



ओला स्कूटर ठीक करे या ब्याज सहित पैसा लौटाए

मोहाली। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने लंबी सर्विस लापरवाही के मामले में ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और उसके फेस-2 सर्विस सेंटर के खिलाफ सख्त फैसला दिया है। आयोग ने कंपनी को निर्देश दिया वह खराब इलेक्ट्रिक स्कूटर को 30 दिन में ठीक करे या ब्याज सहित पूरी रकम लौटाए।



पीएम ने महिला और बाल विकास पर राष्ट्रीय विभागीय शिखर सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता की

महिलाओं और बच्चों की देखभाल, सुरक्षा और सशक्तिकरण पर दिया जोर, 'चिंतन शिविर' लगाकर समग्र विकास पर ध्यान दें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में महिला और बाल विकास पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय विभागीय शिखर सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता की।



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में महिला और बाल विकास पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय विभागीय शिखर सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता की। विभागीय शिखर सम्मेलनों की श्रृंखला का हिस्सा रहे इस सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित हुए। इसमें पोषण और बचपन की देखभाल, बच्चों की सुरक्षा, महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण तथा बेहतर तालमेल के माध्यम से सेवाओं की पहुंच को मज़बूत करने जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री ने गहन चर्चा की सराहना की और केंद्र तथा राज्यों के बीच मिलकर फ़ैसले लेने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि राज्य जिला स्तर और नगर पालिका व महानगर पालिका स्तर पर इसी तरह के 'चिंतन शिविर' आयोजित करके इस मॉडल को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए भी विशेष 'चिंतन शिविर' आयोजित करने का सुझाव दिया, ताकि वे अनुभव, विचार और व्यावहारिक समाधान एक-दूसरे के साथ साझा कर सकें।

खास बातें

- विवि आंगनवाड़ी केंद्रों को गोद ले सकते हैं और अध्ययन कर सकते हैं
- महिला सुरक्षा पर विभागों को ऐहतियाती उपायों पर बल दिया

आंगनवाड़ियों को सामुदायिक भागीदारी का केंद्र बनाने का आह्वान



बच्चों को हर हाल में प्रोत्साहित करें

प्रधानमंत्री ने 'जन भागीदारी' पर ज़ोर देते हुए कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र को अलग-थलग संस्थान के रूप में काम नहीं करना चाहिए, इसे सामुदायिक भागीदारी का केंद्र बनना चाहिए। परिवारों को भी विशेष अवसरों पर बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन, खिलौने और स्थानीय स्तर पर उपयोगी चीज़ें देकर प्रोत्साहित करें।

विवि आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ जुड़ें

प्रधानमंत्री ने विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों से आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ और अधिक जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आस-पास के आंगनवाड़ी केंद्रों को गोद ले सकते हैं और सामाजिक प्रभाव से जुड़े अध्ययन कर सकते हैं। श्री मोदी ने कहा कि इससे छात्रों को योगदान देने का मौका मिलेगा और सेवा वितरण को बेहतर बनाने के लिए उपयोगी जानकारी भी मिलेगी।

युवा ही 'विकसित भारत' का निर्माण करेंगे

प्रधानमंत्री ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के बारे में बच्चों के लिए उम्र के हिसाब से उपयुक्त मॉड्यूल तैयार करने का सुझाव दिया। मोदी ने अलग-अलग विभागों के प्रयासों को मिलाकर रोकथाम के उपायों पर भी ज़ोर दिया।प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि मंत्रालय और राज्यों से जुड़ी ज़िम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आज आंगनवाड़ी केंद्रों में पल-बढ़ रहे बच्चे ही आगे चलकर युवा और नागरिक बनेंगे जो 'विकसित भारत' का निर्माण करेंगे।

'स्वच्छता अभियान' को सक्रिय बनाएं

प्रधानमंत्री ने साफ़-सफ़ाई, स्वास्थ्य और पोषण के बीच गहरे संबंध का उल्लेख करते हुए देश भर के महिला एवं बाल विकास विभागों से 'स्वच्छता अभियान' की सक्रिय रूप से ज़िम्मेदारी लेने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अच्छा स्वास्थ्य और पोषण साफ़-सफ़ाई से ही शुरू होता है और आंगनवाड़ी केंद्र तथा आस-पास स्वच्छता जरूरी है।

'वोकल फ़ॉर लोकल' को बढ़ावा दें

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए 'वोकल फ़ॉर लोकल' यानी स्थानीय के लिए मुखर और 'एक ज़िला एक उत्पाद' जैसे राष्ट्रीय आंदोलनों को बढ़ावा दें। महिलाओं के समूह और सामुदायिक संस्थाएं स्थानीय उत्पादों, आजीविका और आर्थिक सशक्तिकरण को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण भागीदार बन सकती हैं।

मेट्रो कॉरिडोर, हाईवे में सुधार और पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर की 13 हजार करोड़ की परियोजना की देंगे सौगात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को चेन्नई के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान पीएम 13,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजना लॉन्च करेंगे। इसमें नया मेट्रो कॉरिडोर, हाईवे में सुधार और पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे अहम काम शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को बताया कि पीएम मोदी पूरी हो चुकी सुविधाओं का उद्घाटन करेंगे, परियोजनाओं को देश को समर्पित करेंगे और नए कामों की आधारशिला रखेंगे। इसमें मेट्रो रेल, हाईवे, रेलवे, पोर्ट, पेट्रोलियम और शिक्षा से जुड़े काम शामिल हैं।

पीएम मोदी का तमिलनाडु दौरा आज



कोल बर्थ-ती का उद्घाटन करेंगे और ड्रेजिंग का काम शुरू करेंगे

कामराजार पोर्ट पर, पीएम मोदी कोल बर्थ-ती का उद्घाटन करेंगे और ड्रेजिंग का काम शुरू करेंगे। वह मनाली रिफाइनरी में सीपीसीएल के 1,620 करोड़ रुपए के लुब्रिकेंट बेस स्टॉक परियोजना की आधारशिला रखेंगे, जिसकी सालाना क्षमता 270,000 टन होगी।

पोरुर बाइपास से पूनामल्ली बाइपास तक और वापस मेट्रो की सवारी करेंगे

प्रमुख परियोजना में चेन्नई मेट्रो के फेज दो का 4,900 करोड़ का पूनामल्ली-वडापलानी रूट शामिल है। 3.7 किमी लंबे डबल-डेकर स्ट्रक्चर और ड्राइवरलेस ऑपरेशन के लिए डिजाइन किए गए सिग्नलिंग सिस्टम वाले इस कॉरिडोर से पश्चिमी उपनगरों और शहर के केंद्र के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है। पीएम मोदी सुबह 11.30 बजे पोरुर बाइपास से पूनामल्ली बाइपास तक और वापस मेट्रो की सवारी करेंगे। वे जलकंडेश्वर मंदिर जाएंगे और आईआईटी मद्रास में ब्रेन सेंटर का दौरा करेंगे।

'तरंग शक्ति' में सारंग टीम ने दिखाए करतब



प्रतिभागियों से मिलते (इनसेट में) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

भविष्य के रक्षा संबंधों का आधार आपसी भरोसा

जयपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को वायुसेना केंद्र में 'अभ्यास तरंग शक्ति 2026' के दूसरे संस्करण के प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अलग-अलग देश, अलग-अलग विमान, अलग-अलग अनुभव, लेकिन एक ही आसमान। यही 'तरंग शक्ति' का संदेश है। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) द्वारा 26 सितंबर से 12 अक्टूबर 2026 के दौरान आयोजित इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास में सात मित्र देशों (एफएफसी) - ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, फ्रांस, जर्मनी, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका की वायु सेनाओं के साथ-साथ 32 प्रेक्षक देश भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भविष्य के रक्षा संबंधों का आधार आपसी भरोसा ही होगा।

फ्लोरिडा के तट से टकराया इसायस तूफान

9 लाख घरों की बिजली गुल दुकानें बंद, घरों में घुसा पानी

एजेंसी ▶▶ फ्लोरिडा

अमेरिका के मेक्सिको की खाड़ी से लगे तटीय इलाकों में शुक्रवार को इसायस तूफान टकराया। फ्लोरिडा और अलबामा में 170 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली। भारी बारिश के बाद से कई घरों और दुकानों को नुकसान पहुंचा है।

पेड़ उखड़कर गिर गए और करीब 9 लाख घरों की बिजली गुल हो गई है। इन इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। तूफान के कारण कई घरों में पानी घुस गया। लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह



दी गई है। फ्लोरिडा के पैनहैंडल इलाके में कई दुकानें बंद, सड़क पर लगे साइन बोर्ड टूटकर गिरे। मौसम विभाग ने फ्लोरिडा और अलबामा की सीमा के पास समुद्र में करीब 2.1 मीटर तक ऊंची लहरें उठने की चेतावनी दी। इसायस 2026 में अटलांटिक महासागर में आया पहला तूफान है।

हेमकुंड साहिब के कपाट बंद

3.84 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मत्था टेका, शब्द कीर्तन हुआ

एजेंसी ▶▶ चमोली

सिखों के पवित्र तीर्थ हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार को साल की अंतिम अरदास के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इस वर्ष धाम में रिकॉर्ड 3,84,573 से अधिक श्रद्धालुओं ने मत्था टेका।

कपाट बंद होने के ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए करीब चार हजार श्रद्धालु मौजूद रहे। पाकिस्तान से आए 40 सदस्यीय सिख श्रद्धालुओं के जत्थे ने भी इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बर्फबारी के बाद सफेद चादर



में लिपटे धाम तक श्रद्धालु बर्फीले रास्तों से पहुंचे और अंतिम अरदास में शामिल हुए। सुबह दस बजे सुखमनी साहिब के पाठ के साथ कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई। इसके बाद शब्द कीर्तन हुआ। दोपहर 12:30 बजे अंतिम अरदास और एक बजे हुक्मनामा लिया गया।

2020 दिल्ली दंगा

पूर्व आप पार्षद ताहिर एक और केस में दोषी करार, 12 सह-आरोपी बरी



कोर्ट से बाहर निकलता ताहिर हुसैन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से जुड़े दयालपुर थाना क्षेत्र के एक मामले में दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को दंगे के लिए उकसाने के आरोप में दोषी ठहराया है। हालांकि, अदालत ने इस मामले में सह-आरोपियों अन्य 12 लोगों को सभी आरोपों से बरी कर दिया है।

शरजील इमाम को करना पड़ा सरेंडर

दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में आरोपी शरजील इमाम को शादी में शामिल होने के लिए मिली अंतरिम जमानत के दौरान मीडिया से संपर्क करना भारी पड़ा। दिल्ली की कड़कड़डूमा



अदालत ने शनिवार, 10 अक्टूबर को माना कि शरजील ने जमानत की शर्त का प्रथम दृष्टया उल्लंघन किया है। इसके बावजूद कोर्ट ने उनकी जमानत रद्द नहीं की, क्योंकि वह सरेंडर करने के लिए पहले ही निकल चुके थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी ने दिल्ली पुलिस की उस याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया, जिसमें शरजील की अंतरिम जमानत रद्द करने की मांग की गई थी।

अगली सुनवाई 16 नवंबर को

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने ताहिर हुसैन को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 147 (दंगे के लिए सजा) और धारा 109 (उकसाने) के तहत दोषी करार दिया है, जबकि अन्य आरोपों से उन्हें बरी कर दिया गया। अदालत ने ताहिर हुसैन की सजा की अवधि पर दलीलें सुनने के लिए आगामी 16 नवंबर की तारीख तय की है। मामले का विस्तृत आदेश आना अभी बाकी है।

गुजरात पुलिस में पूर्व अग्निवीरों की सीधी एंट्री

अहमदाबाद। राज्य सरकार ने गुजरात में पुलिस विभाग में भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों को बड़ी राहत दी है। गृह विभाग द्वारा जारी संशोधित नियमों के अनुसार अब पुलिस विभाग के निर्दिष्ट वर्दीधारी पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया में पूर्व अग्निवीरों को लिखित परीक्षा से भी छूट मिलेगी। इस तरह सरकार ने अब फिजिकल और लिखित परीक्षाओं में छूट दी है।



आरपीएफ स्थापना दिवस पर आने वाले थे रेल मंत्री, महीनेभर से चल रही थीं तैयारियां

स्टेशन चमकाने रेलवे ने खर्च किए 4 करोड़ रेलमंत्री का चार साल में तीसरी बार दौरा रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आरपीएफ के 42वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के लिए प्रस्तावित रायपुर दौरा कार्यक्रम से दो दिन पहले रद्द हो गया। समारोह में उन्हें आरपीएफ की परेड और अन्य आयोजनों में शामिल होना था। उनके आगमन को लेकर रेलवे प्रशासन ने करीब महीनेभर पहले से तैयारियां शुरू कर दी थीं। रायपुर रेलवे स्टेशन की मरम्मत और सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए चार करोड़ रुपए का टेंडर जारी कार्य किया गया था। वहीं आरपीएफ ने भी स्वागत और समारोह के लिए व्यापक इंतजाम किए थे।

खास खबर



रेलमंत्री का दौरा रद्द

आरपीएफ के 42वें स्थापना दिवस पर प्रस्तावित रेलमंत्री का दौरा रद्द हुआ है। आरपीएफ की परेड व अन्य आयोजन होंगे।
- सुस्कर विपुल विलासराव, सीनियर डीसीएम, रायपुर

सामान्य सालाना खर्च से चार गुना राशि का टेंडर

रेलमंत्री के दौरे की तैयारियों के बीच रायपुर स्टेशन की मरम्मत और रखरखाव के लिए चार करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया गया था। रेलवे स्टेशन की सालाना मरम्मत और रखरखाव पर सामान्य तौर पर करीब एक करोड़ रुपए खर्च होने की बात कही जाती है। इस बार मरम्मत कार्य के लिए जारी टेंडर की राशि सामान्य सालाना खर्च की तुलना में चार गुना है। हालांकि स्टेशन का पुनर्विकास गति शक्ति योजना के तहत पहले से ही चल रहा है। टेंडर के बाद संबंधित एजेंसी ने स्टेशन के विभिन्न हिस्सों में मरम्मत और सुधार कार्य किए। प्लेटफॉर्म और स्टेशन भवन के खराब हिस्सों में गटर शीट, कोटा स्टोन, ग्रेनाइट और चकर टाइल्स की मरम्मत की गई। पटरियों के किनारे पड़े पत्थरों की सफाई की गई। पाइपलाइन में सुधार के साथ जरूरत वाले हिस्सों में पेंटिंग भी कराई गई।

फ्लाईदुबई घटना में जांच के बाद यूएई के अटॉर्नी-जनरल का दावा

प्राइवेट कोच से बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ली थी

9/11 हमले से प्रेरित था को-पायलट निशाने पर था 'तेल अवीव' एयरपोर्ट

एजेंसी ▶▶ अबू धाबी

यूएई के अटॉर्नी-जनरल डॉ. हमद सैफ अल शम्सी ने कहा कि 30 सितंबर को फ्लाईदुबई की फ्लाइट एफजेड1073 से जुड़ी घटना की जांच से पता चला है कि विमान के ओमानी को-पायलट ने कथित तौर पर विमान पर कब्जा करने और उसे तेल अवीव के बेन गुरियन एयरपोर्ट के पैसेंजर टर्मिनल से टकराकर ज्यादा से ज्यादा लोगों की जान लेने के मकसद से एक आतंकवादी हमले की योजना बनाई थी। यह जानकारी यूएई की सरकारी समाचार एजेंसी डब्लूएएम के अनुसार है।

2017 में पढ़ाई के दौरान कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़ा

यूएई के अटॉर्नी-जनरल ने कहा कि 29 वर्षीय संदिग्ध ने 30 सितंबर, 2026 को दुबई से तेल अवीव जाने वाली फ्लाइट के दौरान इस कथित साजिश को अंजाम देना शुरू किया था। जांच में संदिग्ध की विचारधारा और पेशेवर बैकग्राउंड का पता लगाया गया और पाया गया कि उसके कथित तौर पर कट्टरपंथी बनने के संकेत सबसे पहले 2017 में मिले थे, जब वह ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई कर रहा था। उस दौरान, वह चरमपंथी साहित्य और आतंकवादी संगठनों व आत्मघाती हमलों का महिमामंडन करने वाले ऑनलाइन कंटेंट से प्रभावित हुआ था।

हिंसा और आतंकवाद के विचारों को अपनाया: अटॉर्नी-जनरल ने कहा कि बाद में संदिग्ध ने हिंसा और आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले विचारों को अपना लिया और 11 सितंबर, 2001 को अमेरिका में हुए हमलों से प्रेरणा ली। संदिग्ध ने कथित हमले के लिए खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार किया था। इसके लिए उसने आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली सामग्री का सेवन किया और एक प्राइवेट कोच से बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ली।

एनआईए करेगी स्मित पर हुए हमले की जांच



नई दिल्ली। 30 सितंबर को फ्लाईदुबई की फ्लाइट एफजेड1073 के कॉकपिट में भारतीय कैप्टन स्मित मछर पर हुए जानलेवा हमले की जांच अब नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) करेगी। अधिकारियों ने शनिवार को बताया केंद्र सरकार के निर्देश पर एनआईए ने एंटी-हाइजाकिंग एक्ट, 2016 की धारा 3 और गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की सख्त धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। सरकार के अनुसार, यात्री विमान को हाईजैक या क्रैश कराने की कोशिश के चलते एनआईए से जांच कराना आवश्यक हो गया था। हालांकि, एफआईआर में हमले के सटीक मकसद या किसी अन्य साजिशकर्ता का जिक्र नहीं है।

बायोमीट्रिक टेंडर लेने वाले को ईओयू ने बिहार से धर-दबोचा


एजेंसी ▶▶ पटना

नीट पुनर्परीक्षा 2026 में मूल परीक्षार्थियों की जगह फर्जी अभ्यर्थियों को बैठाने के मामले में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने प्रमोद कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे 9 अक्टूबर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्रमोद पर लखीसराय में नीट परीक्षा के बायोमीट्रिक सत्यापन का टेंडर लेने और कथित तौर पर फर्जी परीक्षार्थियों को प्रवेश का आरोप है।



सत्यापन की प्रक्रिया में गड़बड़ी की आशंका

इस मामले में परीक्षा केंद्र पर पहचान सत्यापन की प्रक्रिया में गड़बड़ी की आशंका है। जांच एजेंसी अब यह पता लगा रही है कि मामले में किन लोगों की क्या भूमिका थी और फर्जी अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल कराने की व्यवस्था कैसे की गई? 21 जून को लखीसराय के केंद्रीय विद्यालय, खगौर परीक्षा केंद्र पर पुनर्परीक्षा के में मूल अभ्यर्थियों की जगह स्कॉलर के शामिल होने की कोशिश का मामला आया था।



'द ओडिसी' ने भारत में रचा इतिहास, आईएमएएक्स से 100 करोड़ कमाने वाली पहली फिल्म बनी

मुंबई। हॉलीवुड निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी' ने भारत में इतिहास रच दिया है। सिर्फ आईएमएएक्स स्क्रीन्स के जरिए 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली फिल्म बन गई है। इससे पहले किसी भारतीय या अंतरराष्ट्रीय फिल्म ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की थी। यह फिल्म 17 जुलाई, 2026 को भारत और दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसने 16 सितंबर को अपने 9वें हफ्ते में यह आंकड़ा पार किया, जिसका आधिकारिक ऐलान अब किया गया है। निर्माताओं द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, फिल्म की कुल भारतीय कमाई में आईएमएएक्स का योगदान लगभग 43 प्रतिशत रहा, जबकि देशभर में कुल स्क्रीनों में से सिर्फ 1 प्रतिशत से कुछ ज्यादा स्क्रीन आईएमएएक्स द्वारा प्रदर्शित की गई थीं। इस उपलब्धि के साथ, 'द ओडिसी' भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे कमाऊ आईएमएएक्स फिल्म बन चुकी है।

लाइफ Style

यामी गौतम


यामी गौतम की फिल्म 'नई नवेली' दशहरा के मौके पर दर्शकों का मनोरंजन करने आ रही है। फिल्म का ट्रेलर निर्माताओं द्वारा जारी किया जा चुका है, जिसमें अभिनेत्री का अब तक का सबसे अलग किरदार दिखा।

'नई नवेली' के गाने में जमकर झूमीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब इसका नया गाना 'फटा पटाखा' यूट्यूब पर जारी किया गया है जो ऊर्जा से भरपूर एक धमाकेदार डांस पार्टी पर केंद्रित है। इसमें जॉम्बी के साथ यामी का डांस देखने लायक है। यह गाना सुनने वालों को झूमने पर मजबूर कर देगा। जॉम्बी पार्टी करती दिखीं यामी, दिखी अनोखी दुनिया जी म्यूजिक कंपनी द्वारा अमेजन, एमजीएम स्टूडियोज और कलर येलो के सहयोग से प्रस्तुत, 'फटा पटाखा' को मधुबंती बागची ने आवाज दी है।

संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है और बोल वायु ने लिखे हैं। गाने के वीडियो में जॉम्बी की एक अनोखी दुनिया दिखती है, जिसमें यामी डांस कर रही हैं। बालाजी मोहन द्वारा निर्देशित 'नई नवेली' एक मनोरंजक-पारिवारिक फिल्म है, जिसमें कॉमेडी, रहस्य और रोमांच का तड़का लगाया गया है। यह 16 अक्टूबर, 2026 को रिलीज होगी।



हॉलीवुड मसाला



दुर्लभ जीवों को बचाने देंगे 1,700 करोड़

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड सुपरस्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ने विलुप्त होने की कगार पर खड़े दुर्लभ जीवों को बचाने के लिए एक बड़ी वैश्विक पहल की है। डिकैप्रियो के संगठन 'रीःवाइल्ड' और 'बेजोस अर्थ फंड' ने मिलकर 'फोनिक्स स्पीशीज प्रोजेक्ट' की घोषणा की है। इस प्रोजेक्ट के तहत दुनिया की 100 अति-संकटग्रस्त प्रजातियों, जिनमें पैंगोलिन, सालामैंडर और दुर्लभ जंगली सूअर शामिल हैं, जिनके संरक्षण के लिए लगभग 1,700 करोड़ रुपये की भारी-भरकम वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस पहल के लिए कुल 1,700 करोड़ रुपये का फंड तैयार किया गया है। इसमें से 850 करोड़ रुपये 'बेजोस अर्थ फंड' ने दिए हैं, जबकि बाकी 850 करोड़ रुपये डिकैप्रियो के 'रीःवाइल्ड', 'एज ऑफ यूनियन' और 'टॉड ग्रेव्स फैमिली फाउंडेशन' से मिले हैं।




कीगन एलन के साथ हुई बंदूक की नोक पर लूटपाट

लॉस एंजिल्स। 'प्रीटी लिटिल लायर्स' और 'वॉकर' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हॉलीवुड अभिनेता कीगन एलन के साथ एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। बंदूक की नोक पर उनके साथ लूटपाट की गई और उनके साथ मारपीट भी हुई। ये हादसा वेस्ट हॉलीवुड में हुआ, जहां 2 नकाबपोशों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। घटना के बाद अभिनेता ने अपना एक वीडियो साझा किया और दावा किया कि वेस्ट हॉलीवुड अब सुरक्षित नहीं है। ये घटना बुधवार को हुई, जब एलन एक किराने की दुकान के बाहर थे। हमलावरों ने पहले उनके सिर पर वार किया, उन्हें जान से मारने की धमकी दी और उनकी घड़ी चुरा ली। उन्होंने हमले विलप भी साझा किया। इसमें काले कपड़े पहने 2 लोग अभिनेता के पास आते और उन पर बंदूक तानते हुए दिख रहे हैं। एलन अपनी घड़ी उन्हें सौंपते हुए दिखाई देते हैं, जिसके बाद एक लुटेरा उनके सिर पर वार करता है। इस घटना से जुड़ा जो वीडियो एलन ने साझा किया, उसमें उनका सिर खून से लथपथ था। उन्होंने बताया, 2 नौजवानों ने बंदूक और चाकू की नोक पर मुझसे लूटपाट की। उन्होंने मेरी घड़ी के लिए मुझे जान से मारने की धमकी दी और मार भी डालते।



पैपराजी पर फूटा गुस्सा... अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई। सालों से बॉलीवुड से दूरी बनाने वालीं बिपाशा बसु अब फिल्मों में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वह इन दिनों मुंबई में अपनी नई वेब सीरीज की शूटिंग में व्यस्त हैं। हालांकि, उनसे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों ने सवाल उठाए हैं कि बिपाशा वीडियो में पैपराजी पर भड़क गईं थीं, जिस पर अब अभिनेत्री ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए सफाई दी है। वीडियो में बिपाशा एक फिल्म स्टूडियो के बाहर दिखाई दीं, जहां पैपराजी भी मौजूद थे। इस दौरान वह जल्दी में लगीं और कथित तौर पर पैपराजी पर भड़क गईं। अभिनेत्री ने कहा, चलिए यहां से, किसने बुलाया आपको? इस वीडियो को एक इंस्टाग्राम अकाउंट ने साझा करते हुए बिपाशा पर उंगली उठाई कि वह पैपराजी को नजरअंदाज कर रही हैं और उन पर गुस्सा करती नजर आई हैं।



नानी ने किया निथिन की 'एलियास रुक्मिणी' का ऐलान

मुंबई। नानी अब एक नई तेलुगू फिल्म 'एलियास रुक्मिणी' के प्रस्तुतकर्ता बन गए हैं। यह फिल्म निथिन अभिनीत है और 4 दिसंबर, 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह घोषणा अभी हुई है, साथ ही 13 अक्टूबर को फिल्म के मुख्य किरदार के बारे में और जानकारी देने का वादा किया गया है। नानी ने इस फिल्म को 'साल की सबसे खूबसूरत तेलुगू फिल्म' बताया है। मुरली कांत देवसोथ ने इस फिल्म का निर्देशन किया है और इसके निर्माता दीप्ती गांटा हैं। फिल्म की कहानी में एक दिलचस्प मोड़ है, जहां निथिन का किरदार खुलासा करता है कि रुक्मिणी, जिसका नाम एक लेखक के तौर पर सामने आता है, असल में उसकी पत्नी है। फिल्म की पहली शूटिंग शेड्यूल सितंबर में पूरी हो गई थी, जिसमें साई कुमार और हर्षा वर्धन जैसे कलाकार भी शामिल हुए थे।

टीवी मसाला



माधुरी दीक्षित के शो में आने वाले थे नाना पाटेकर, अब इस अभिनेत्री ने ली जगह

मुंबई। नाना पाटेकर सोनी मराठी के आगामी क्विज शो 'कोण होणार करोडपती' के पहले एपिसोड में आने वाले थे। शो की मेजबानी माधुरी दीक्षित कर रही हैं, जो दिग्गज अभिनेता के साथ फिल्म 'वजूद' (1998) में काम कर चुकी हैं। यह शो नाना और माधुरी के लंबे समय बाद पुनर्मिलन का प्रतीक बनने वाला था, लेकिन ऐसा मुमकिन नहीं हो सका। अभिनेता का 8 अक्टूबर को 75 साल की उम्र में अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। खबरों के मुताबिक, निधन से पहले नाना 'कोण होणार करोडपती' की शूटिंग करने वाले थे। अब उनकी जगह अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे को बतौर मेहमान प्रीमियर एपिसोड में देखा जाएगा। शो 12 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और इसके साथ ही माधुरी व सोनाली पहली बार एक साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। दोनों का भारतीय सिनेमा में करियर काफी लंबा रहा है, लेकिन इसके बावजूद माधुरी और सोनाली ने कभी किसी फिल्म में साथ काम नहीं किया। माधुरी ने अपने इंस्टाग्राम पर नाना की तस्वीर साझा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने लिखा था, 'एक महान कलाकार, एक सशक्त व्यक्तित्व और एक अविस्मरणीय आवाज... नाना पाटेकर के निधन से फिल्म जगत ने एक अनमोल और दिग्गज अभिनेता को खो दिया है। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। यह मेरी ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि है।'

'बिग बॉस 20' में आम्रपाली दुबे ने स्काउटओपी की लव गिल से करीबी पर उठाए सवाल

'बिग बॉस 20' के घर में उस वक्त थोड़ा अजीब माहौल बन गया, जब आम्रपाली दुबे ने प्रतियोगी स्काउटओपी (तन्मय सिंह) और लव गिल के बीच बढ़ती नजदीकियों पर ध्यान दिलाया। दरअसल, स्काउट ने लव को उनकी शर्ट के अंदर से मसाज दिया था। इसके बाद आम्रपाली ने लव से बातचीत की और समझाया कि बाहर से देखने वालों को उनके ये काम कैसे लग सकते हैं। आम्रपाली ने लव को बहुत नरमी से समझाया कि उन्हें थोड़ा सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे पल उनके उन पार्टनर्स पर असर डाल सकते हैं, जो बाहर इंतजार कर रहे हैं। भले ही स्काउट ने लव के साथ अपने रिश्ते को भाई-बहन जैसा बताया हो, पर उन्होंने ये भी माना है कि उन्हें पजेसिवनेस महसूस होती है। फैंस ने इस बात पर खास ध्यान दिया है, क्योंकि उनकी गर्लफ्रेंड काश्वी हीरानंदानी शो के बाहर हैं।



'बिग बॉस' मलयालम 8 में विपिन दास की धमाकेदार एंट्री

मुंबई। एक बड़े एविक्शन के बाद, विपिन दास नैर ने 'बिग बॉस मलयालम 8' में वाइल्ड कार्ड के रूप में एंट्री की है, जिससे शो में हलचल मच गई है। वे अभिनय के क्षेत्र में कदम रख रहे हैं और साथ ही कंटेंट क्रिएटर व आर्टिस्ट के तौर पर भी अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने 2023 में 'द नेक्स्ट टॉप एंकर' शो में हिस्सा लिया था, जिसमें नायला उषा, साबूमोन, कार्तिक सूर्या और मीनाक्षी जैसे मशहूर लोग जज थे।



विपिन ने शो में भरी ऊर्जा

रियलिटी टीवी की दुनिया में कदम रखने और 'भरतनाट्यम' में एक छोटे से विवाद के बाद, विपिन 'बिग बॉस मलयालम' में अपनी अनोखी एनर्जी और कन्फेशन रूम के मजेदार पलों के साथ छा गए हैं। खास बात यह है कि मलयालम पढ़ने में उन्हें मुश्किल हो रही है, जिससे उनके 'बिग बॉस' के सफर को एक अनूठा मोड़ मिल गया है। इससे फैंस भी यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि वह आगे इस खेल में क्या बदलाव ला सकते हैं।

स्वरा-प्रियंका का खेल बिगाड़ने आ रहे ऋषभ, जशवंत और सोनम मलिक

मुंबई। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल 2' में अब 3 नए वाइल्ड कार्ड प्रतियोगियों की एंट्री होने वाली है। इनमें अभिनेता और कंटेंट क्रिएटर ऋषभ जायसवाल, रियलिटी शो स्टार जशवंत बोपन्ना और अभिनेत्री सोनम मलिक के नाम शामिल हैं। शो को पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग होस्ट कर रहे हैं। स्वरा भास्कर और प्रियंका चाहर चौधरी जैसे प्रतियोगियों के बीच इन नए सदस्यों की एंट्री से मुकाबला और दिलचस्प होने की उम्मीद है।



शानदार प्रोमो से हुई वाइल्ड काइर्स की घोषणा

नए प्रतियोगी ऋषभ मशहूर टीवी एक्टर और कंटेंट क्रिएटर, जशवंत जानी-मानी रियलिटी टीवी पर्सनैलिटी और सोनम एक अभिनेत्री हैं। इसकी घोषणा अमेजॉन एमएक्स प्लेयर के अधिकारी सोशल मीडिया पेज पर की गई है। शानदार प्रोमो साझा करते हुए लिखा गया, 'एक नहीं, 2 नहीं, अब सीधा 3 नए प्लेयर। टावर का बैलेंस हिलने वाला है।' अब देखना ये होगा कि इन तीनों में कौन रूलर बनकर पेंटहाउस जाता है और कौन बेसमेंट का वर्कर बनता है।

शो में आने से पहले ही मिल गए थे संकेत

इस आधिकारिक घोषणा से पहले ही तीनों प्रतियोगियों ने सोशल मीडिया पर शो में आने के संकेत देने शुरू कर दिए थे। ऋषभ, सोनम और जशवंत ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर चेहरे छिपाकर और हाथों में काले रंग के वाइल्ड कार्ड लेकर तस्वीरें साझा की थीं।ऋषभ इससे पहले स्प्लिट्सविला 14' और 'रोडीज सीजन 19' में नजर आ चुके हैं, वहीं जशवंत भी रोडीज का हिस्सा रह चुके हैं और उन्होंने 'स्प्लिट्सविला 15' का खिताब अपने नाम किया था।

ये फैसला महाराष्ट्र में पड़े भीषण सूखे के बीच लिया गया है

'रामायण' के गाने का लॉन्च इवेंट रद्द, टालना पड़ा नवरात्रि का बड़ा कार्यक्रम

एजेंसी ⏭ मुंबई

रणबीर कपूर और साई पल्लवी की फिल्म 'रामायण पार्ट 1' जल्द ही दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। इसी बीच रविवार, 11 अक्टूबर को महाराष्ट्र के रामटेक में इस फिल्म के एक गाने का लॉन्च इवेंट आयोजित होने वाला था। हालांकि, नवरात्रि के पहले दिन होने वाले इस इवेंट को टाल दिया गया है। ये फैसला महाराष्ट्र में पड़े भीषण सूखे के बीच लिया गया है, जिससे किसानों को राहत पहुंचाना सरकार की पहली प्राथमिकता है।



रामायण की टीम भी किसानों की मदद से लिए तैयार

पोस्ट में आगे लिखा गया, 'इस कार्यक्रम का उद्देश्य रामटेक की भूमि के महत्व को उजागर करना था, जिसे भगवान श्री रामचंद्र के चरणों के स्पर्श से पवित्र किया गया था।' उन्होंने बताया कि मौजूदा हालात में किसानों की मदद करना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। जयसवाल ने आगे कहा कि फिल्म की टीम ने किसानों की मदद करने की इच्छा जताई थी। उन्होंने उन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का भी शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने इस इवेंट का प्रचार किया था।

इंस्टाग्राम पर की गई थी इसकी घोषणा

स्थानीय विधायक आशीष जायसवाल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें रामायण की टीम के साथ होने वाले भव्य इंटरैक्शन प्रोग्राम को टालने की घोषणा की गई थी। हालांकि, अब ये वीडियो उपलब्ध नहीं है। पोस्ट के कैप्शन में जायसवाल ने लिखा, 'हम आप सभी को बताना चाहते हैं कि 11 अक्टूबर को रामटेक में होने वाला 'रामायण' की पूरी टीम के साथ एक बड़ा कार्यक्रम कुछ जरूरी वजहों से टाल दिया गया है।'

'रामायण' की टीम की तरफ से नहीं आई कोई जानकारी

इस इवेंट के टलने के बाद, अभी यह साफ नहीं है कि निर्माता इसे ऑनलाइन रिलीज करेंगे या किसी और लॉन्च इवेंट की योजना बनाएंगे। टीम ने इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।